## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजा सौंसर

**सौंसर।** सोमवार को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मासूम लोगों की गई हत्याओं के विरोध में सकल सनातन हिंदू समाज सौसर की ओर से सौसर नगर बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया,इस दौरान सुबह से लेकर तो देर शाम तक सभी दुकाने बंद रखकर व्यापारियों ने भी आंदोलन को अपना भरपूर समर्थन दिया, सौसर बंद को लेकर एक दिन पूर्व ही सभी व्यापारियों से अपनी दुकान बंद रखने का निवेदन किया गया था,सकल सनातन हिंदू समाज सौसर की ओर सेशाम 5 बजे अयोध्या नगर, वार्ड नंबर 1 सौसर से नगर भ्रमण के लिए निकली रैली ने पाकिस्तान मुर्दाबाद,आतंकवाद मुर्दाबाद के नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन के रूप में परिवर्तित हुई है। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित नगर वासियों के द्वारा सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को महामहिम राष्ट्रपति के नाम आतंकियों द्वारा कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगो की धर्म के आधार पर हत्या करने के सम्बन्ध में ज्ञापन सोपा गया, ज्ञापन में बताया की हाल ही में आतंकियों द्वारा कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटक हिन्दुओ की मात्र धर्म के आधार पर हत्या की गई, इस घटना से सौसर सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष का हिन्दू समाज दुःखी एवं आक्रोशित है। इस घटना के साथ देश के अलग अलग हिस्सों में भी लगातार हिन्दुओ को चिन्हित करके प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके साथ ही हिन्दू माता बहनों एवं बेटियों के साथ बलात्कार कर हत्याए की जा रही है, ऐसी अमानवीय घटनाओ से हम सभी का मन दुःखी एवं आक्रोशित है,कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, वहां राष्ट्रपति शासन लगाकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित राष्ट्रदोहीयों एवं आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करनी चाहिये, इस दौरान एड हरीश बत्रा,जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, रामकृष्ण वाकोडे, संजय राठी,इंदरचंद डागा,राहुल मोहोड, सौसर भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे, अजय अढ़ाऊ,आदि थे। सौसर बंद के दौरान सोमवार को नगर के अन्य प्रतिष्ठानों के साथ-साथ जीवन उपयोगी वस्तुएं के दुकाने भी बंद रही है। नगर के बेलगांव नाके से लेकर तो भारत माता चौक वार्ड नं 1 तक संचालित होने वाली दवाई दुकाने, निजी दवाखाने और मेडिकल स्टोर भी पूरी तरह सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक बंद रहे, इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों बच्चो को दवाई इलाज के लिए परेशान होना पड़ा।

### खनिज निरीक्षक पर हमला होने के बाद भी अधूरी कार्यवाही बनी चर्चा का विषय

# ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से राजसात होने के बजाय जुर्माना भर छूटे रेत के वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

प्रशासन के कमजोर इरादों ने रेत तस्करी को शह दी है। तामिया के हालात देखकर तो ऐसा ही लग रहा है कि प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारी ही रेत तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा। ठोस कार्रवाई इस बात की ओर इशारा करती है कि सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है बाकी ऊपर से नीचे तक सब सेटअप है। तामिया का यह मामला प्रकाश में आते ही ऊपर लिखी हुई सभी बातें अक्षरतः सत्य जान पड़ती है। क्योंकि अधिकारियों को ठोस कार्रवाई करना नहीं है और अवैध तस्करों के हौसले बुलंद है। कैसे होगा खनिज का संरक्षण।



तामिया तहसील में वहने वाले नदी नालो से रेत चोरी का सिलसिला अनंत है। यहां पर दिन रात रेत के ओवरलोड वाहन रेत सड़क पर गिराते हुए वाहन दमदारी के साथ निकल रहे हैं क्योंकि इनको रेत पकड़ने वाले विभागों का टास्क फोर्स संयुक्त रूप से बनाया गया था जिसमें खनिज, राजस्व वन एवं पुलिस विभाग की टीम गठित की गई थी, लेकिन तामिया में यह टीम कभी सक्रिय नजर नहीं आई और कागजों पर ही गठन से आगे नहीं आ पाई खनिज निरीक्षक ने प्रयास किया कुछ हद तक सफलता भी मिली उन पर हमला भी हुआ। इसके बाद भी उन्होंने तीन ट्रक रेत के पकडे जिन पर अवैध परिवहन का प्रकरण बनाया गया लेकिन इस बनाए गए प्रकरण में खामियां भी देखने मिली कि पकड़े गए वाहनो पर ठोस कार्रवाई इनके द्वारा नहीं की गई। इस कारण यह रेत के पकड़े गए वाहन राजसात होने के बजाय जुर्माना देकर एक महीने के भीतर ही छूट गए जिससे खनिज निरीक्षक की कार्य प्रणाली के साथ अधूरी कार्यवाही किए जाने पर सवालिया निशान खड़े होने लगे।

यदि उन पर हमला होने के बाद राजसात की ठोस कार्रवाई नहीं किया जाना भी इन दिनो चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर क्या वजह है की रेत के वाहन सिर्फ जुर्माना भरकर छूटना रेत चोरी को बढ़ावा देने जैसा चर्चा का विषय बन गया और यह छूटे वाहन दोबारा रेत चोरी में लग गये इस तरह तामिया में लगता है कि ना तो खनिज विभाग ना ही राजस्व और गठित टास्क फोर्स रेत पर अंकुश लगाने की पक्षधर है। इस कारण रेत का अवैध परिवहन बदस्तूर जारी है। यदि पकड़े हो गए वाहनों पर राजसात की कार्रवाई की गई होती तो निश्चित ही रेत चोरों में भय का वातावरण बनता ऐसा ना होना क्षेत्र में चर्चा का बिषय बना हुआ हैं कि रेत चोर जो है पूर्ण रूप से प्रशासन पर आज भी हावी है। पकड़े गये वाहन राजसात होने के बजाय जुर्माना देकर छूटना यही प्रदर्शित करता है।

# सेवा के रूप में आज मनाया जाएगा सांसद का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू का जन्मदिन मंगलवार को सेवा कार्यो के रूप में मनाया जायेगा। जिसके तहत छिन्दवाड़ा शहर सहित पांढुर्णा और दोनों जिलों में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवाभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

सांसद श्री साहू मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जिसके तहत वे सुबह 11 बजे आधार फाउंडेशन पोआमा में दिव्यांग बच्चों से मुलाकात करते हुए केक काटेंगे एवं बच्चों को मिष्ठान और भोजन वितरित करेंगे, इस दौरान यहा पर दंत रोग शिविर भी लगाया जायेगा। सुबह 11:15 बजे शहर के वार्ड क्रमांक 45 की आंगनवाड़ी में बच्चों को उपहार देकर पानी की केन भी प्रदान करेंगे। सुबह 11:30 बजे प्रियदर्शनी कॉलोनी स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से भेंट कर उनका आर्शीवाद लेंगे एवं उन्हें भोजन वितरित करेंगे। दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेड कार्यालय के सामने मैदान में पानी की टेंकरों का वितरण करेंगे। दोपहर 1:15 बजे सांसद कार्यालय में 100 आंगनवाड़ियों की कार्यकर्ताओं को पंखे वितरित करेंगे। दोपहर 1:30



बजे से शाम 6 बजे तक सांसद कार्यालय में आमजनों से भेंट करेंगे एवं शाम 7 बजे षष्ठी माता मंदिर छिन्दवाड़ा में पूजन अर्चन कर केक काटेंगे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### जिले भर में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को जिले भर में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसके तहत मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर के द्वारा शहर में सुबह 7 बजे से दोपहर तक विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ करते हुए स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाकर सेवा कार्य किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के द्वारा दीनदयाल रसोई में श्रमिकों को भोजन कराया जायेगा, स्टेशन क्षेत्र में फल वितरण किया जायेगा साथ ही वाल्मिकी गुरूद्वारा में अरदास के साथ विभिन्न मठ मंदिरों में सांसद बंटी विवेक साहू जी की दीर्घ आयु एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु पूजन आयोजित की जायेगी और सेवा बस्तियों में मिष्ठान का वितरण किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर के द्वारा सुबह 8 बजे से शहर के विभिन्न मंदिरों में सुन्दर कांड का पाठ पूजन अर्चन किये जाकर सुबह 10 बजे चंदनगाँव स्थित गौशाला में गायों की सेवा करते हुए उन्हें गुड़ और भूसा खिलाया जायेगा। 11बजे जिला अस्पताल में फल वितरण किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया द्वारा दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सांसद कार्यालय के पास स्थित शोरूम में सुन्दर कांड का पाठ किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष रमाकांत रघुवंशी के द्वारा रोहनाकलां के मंदिर में सुन्दर कांड का पाठ एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष ओम पटेल द्वारा सारना में आंगनवाड़ी एवं स्कूलों में फल वितरण करते हुए मंदिरों में सफाई की जायेगी।

# महामंडलेश्वर को छत्तीसगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छत्तीसगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में की बड़ी कार्रवाई कुंभ मेले में महामंडलेश्वर का प्रतिष्ठित पद प्राप्त करने वाले अजय रामदास अब गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस ने सोमवार को उन्हें धोखाधड़ी (IPC की धारा 420) के एक मामले में छिंदवाड़ा कोतवाली पुलिस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद से साधु समाज और अजय रामदास के अनुयायियों में हलचल मच गई है।पुलिस ने क्या कहा। कोतवाली थाना प्रभारी (टीआई) ने बताया कि अजय रामदास के खिलाफ लंबे समय से 420 के तहत मामला दर्ज था। शिकायत के अनुसार, छत्तीसगढ़ पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है मामले की जांच जारी है।

**कौन हैं अजय रामदासः** अजय रामदास ने धार्मिक जगत में अपनी मजबूत पकड़ बनाते हुए कुंभ मेले के दौरान महामंडलेश्वर की उपाधि प्राप्त की थी जो संत समाज में एक बेहद प्रतिष्ठित स्थान माना जाता है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने चौरई क्षेत्र में एक भव्य धार्मिक आयोजन कराया था जिसमें जगद्गुरु रामभद्राचार्य के नेतृत्व में कथा का आयोजन हुआ था।

### जरूरमंदों का होगा मोहोड़ के प्रयासों से उपचार

**सौंसर।** पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ के प्रयासों से निरंतर सौसर क्षेत्र के विकास के साथ ही जरूरतमंदों को सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मदद उपलब्ध की जा रही है, अब भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना से पांढुर्णा जिले के 80जरूरतमंदों का उपचार संभव हो सकेगा। पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के उपचार के लिये 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। जिसमें ज्ञानेश्वर पातुरकर 75 हजार, अंकिता इवनाती ढोकडॉह 30 हजार, शरीफ शाह बड़चीचोली 30 हजार, प्रकाश पदमाकर गांगतवाडा 50 हजार, विठ्ठल श्यामराव बाघ निमनी 50 हजार, कैलाश लेंडे पांढुर्णा 65 हजार एवं हीरू किरणाके मर्राम 70 हजार का समावेश है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बिमारी से पीडित मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज होगा।




### एक मई को सौसर में होंगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, सामूहिक विवाह के लिए 254 आवेदन हुए प्राप्त

**सौंसर।** हाल ही में तहसील कार्यालय सभागृह में विधायक विजय चौरे सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल की प्रमुख उपस्थिति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई है। बैठक में आयोजन की पूर्व तैयारी को लेकर बिंदुवार चर्चाई की गई,आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने जिला एवं विकासखंड स्तरीय आयोजन समिति की बैठक ली गई,इस दौरान सौसर में संपन्न होने वाले विवाहमें बारात के लिए विधायक विजय चौरे ने अपनी ओर से बैंड की व्यवस्था करने की जानकारी दी है, बैठक में विवाह स्थल का चयन, विवाह इच्छुक परिवारों की और से प्राप्त आवेदनों की जांच एवं अन्य तैयारी पर चर्चा की। कार्य विभाजन कर सामूहिक विवाह को सफल करने की जिम्मेदारियां सौंपी गई।सामूहिक विवाह आयोजन में भोजन की गुणवत्ता से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रुप से बनाने के एसडीएम श्री पटेल ने निर्देश दिए। बैठक मे पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड,एड अजय धवले आदि उपस्थित थे। जनपद के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के चंद्रशेखर गोहिया ने बताया कि विवाह के लिए 245 आवेदन प्राप्त हुए हैं इन की जांच की जाएगी। आयोजन नगर के वार्ड 13 स्थित बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन के प्रांगण में होगा। आयोजन स्थल पर सुबह 8 बजे से पंजीयन शुरु होगा। 11 बजे शिक्षक कालोनी मार्ग स्थित एक निजी स्कूल से बारात निकलेगी। आयोजन स्थल पर सुबह 10 बजे से ही भोजन की शुरुआत होगी। विवाह एवं निकाह 12 बजे एवं विदाई 3 बजे होगी। सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर फिर दिया गया ज्ञापन

### निर्माणाधीन भवन के स्थान को लेकर बना है मतभेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जाटाछापर में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन को लेकर ग्रामीणों और पंचायत के बीच मतभेद बना हुआ है । भवन के स्थान के परिवर्तन को लेकर तीसरी बार एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया है ।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत जाटाछापर में वर्ष 2022 - 23 में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण स्वीकृत हुआ था , जिसके निर्माण के लिए वर्ष 2024 में ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर निर्माण स्थल का चयन किया गया और निर्माण कार्य शुरू हो गया ।

भवन का लगभग 15 % निर्माण हो जाने पर जाटाछापर बस्ती और रमपुरी के लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाने लगा । इन लोगों की मांग है , कि उप स्वास्थ्य केन्द्र रमपुरी में बने , ताकि पंचायत के अधिकांश ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके , क्योंकि ग्राम पंचायत के अधिकांश लोग बस्ती और रमपुरी में निवास करते हैं ।

वर्तमान में जहां भवन बनाया जा रहा है , वह स्थान रमपुरी और बस्ती से काफी दूर है । इस मांग को लेकर पूर्व में बस्ती और रमपुरी के लोगों द्वारा एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया था । जिसके बाद बीते शुक्रवार



को ग्राम के सरपंच , उप सरपंच , पंच और अन्य ग्रामीणों ने भी एस डी एम को ज्ञापन सौंप कर निर्माण स्थल यथावत रखे जाने की मांग की थी । जिसकी प्रतिक्रिया में सोमवार को पुनः रमपुरी और बस्ती के लोगों ने भाजपा नेता दीपक राय और मोहन भास्कर , हरिश्चंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में एस डी एम को ज्ञापन सौंप कर रमपुरी में ही भवन बनाने की मांग रखी और वर्तमान में जहां निर्माण जारी है उसे बंद करवाने की मांग रखी ।

इसके अलावा क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या को लेकर भी ज्ञापन दिया गया । यह ज्ञापन परासिया भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , जिला पंचायत सदस्य अरूण यदुवंशी की विशेष उपस्थिति में दिया गया । इनके अलावा ज्ञापन देते समय हीरालाल पाल उमेश राय संतोष यदुवंशी , भूरा कोरव सहित अन्य ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं।

### राजस्व भूमि की आ रही समस्या

ज्ञापन लेने के दौरान एसडीएम पुष्पेंद्र निगम में बताया , कि जिस क्षेत्र में भवन बनाने की मांग की जा रही है वहां राजस्व भूमि नहीं है । यदि भूमि मिल जाती है तो उप स्वास्थ्य केंद्र के स्थान परिवर्तन पर विचार किया जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य फिलहाल बंद कर दिया गया है । वहीं उन्होंने पानी की समस्या पर भी दावा किया कि चरई डेम से जाटाछापर में पानी दिया जा रहा है , फिर भी यदि पानी की समस्या है तो वे हैंडपंप और सप्लाई किए जा रहे पानी की जांच कर समस्या का निदान किराएंगे ।

**8 मई को संविधान बचाने सड़क पर उतरेंगें हजारों कांग्रेसी**

**छिन्दवाड़ाः-** कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए पहले गोरों से लड़ाई लड़ी जिसमें कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने बलिदान दिया तब जाकर हमारा आजादी का सपना साकार हुआ है। अब कांग्रेस की लड़ाई संविधान को बचाने व संविधान निर्माता के मान को सुरक्षित रखने के लिए सतत लड़ी जा रही है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मौजूदगी में संविधान बचाओ रैली निकाली जाएगी।









## चौरई नगर भाजपा मंडल ने शिविर का किया आयोजन, 56 यूनिट हुआ रक्तदान

# सांसद के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन राय के नेतृत्व में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के जन्मदिवस के अवसर पर कम्युनिटी हॉल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 56 यूनिट रक्तदान किया । रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी प्रज्वलित कर किया गया । जिसमें शुभारंभ से ही बड़ी संख्या में उपस्थित नगर के युवाओं ने पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अनोखे अंदाज में उत्साह के साथ रक्तदान किया । वही शिविर के मध्य में बड़ी संख्या में नगर के जनप्रतिनिधि व्यापारी ने सपत्नी परिवार के साथ पहुंचकर रक्तदान कर समाज सेवा व मानवता का संदेश दिया । रक्तदान शिविर में ब्लड सेंटर जिला छिंदवाड़ा के डॉक्टर पंकज बाथम डॉक्टर बीपी गौतम अभिकांत बेल राजेश सिंह राहुल सिंह प्राची मैडम जुबेदा मैडम ने सभी का मनोबल बढ़ाते हुए जांच कर रक्तदान में सहयोग किया । इसी के साथ ही चौरई स्वास्थ्य केंद्र से बीएमओ अशोक सेन के मार्गदर्शन में रत्ना सक्सेना के द्वारा भी शिविर में आए शिविरार्थी का प्राथमिक परीक्षण किया गया । रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन व मनोबल बढ़ाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश श्री राम चौरसिया लखन वर्मा सिरपत नायक ईश्वर सिंह चौधरी सहित ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर कुंडा मंडल अध्यक्ष धरम वर्मा ऋषि वर्मा बंटू चौहान सहित नेताओं ने पहुंचकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया ।आयोजन में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका सांसद विवेक बंटी साहू के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने में नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय के साथ संजय ठाकुर चंद्रभान सोनी केशव तिवारी विनोद पाल सुमित सराठे डॉक्टर हरिराम राय श्याम चौरसिया सुमित गुंदे कपिल विश्वकर्मा महेंद्र वर्मा आदर्श ठाकुर देवांश ठाकुर चेतन पटेल प्रशांत गंगवाल मनोज राय राहुल राय प्रशांत देशमुख श्यामलाल नामदेव कुलदीप दाहिया स्वास्थ्य विभाग से श्याम वाड़सकर सहित नगर मंडल के युवाओं का सहयोग रहा है ।

# मूट कोर्ट: विद्यार्थियों ने की हत्या मामले में सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शासकीय विधि महाविद्यालय काराबोह छिंदवाड़ा में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक अपराधिक मामले में मध्यप्रदेश राज्य विरुद्ध कलीराम 2022 का नाटकीय रूपांतरण किया गया। इस अवसर पर अतिथि सिविल न्यायाधीश राकेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन मुद्गल , कैलाश मिश्रा, किशोर शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय खोबरागड़े, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया आदि उपस्थित थे। कॉलेज के विद्यार्थियों ने न्यायाधीश, अभियोजन अधिकारी, बचाव पक्ष के अधिवक्ता, गवाह, आरोपी सहित अन्य लोगों का किरदार निभाया। मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को सजा सुनाई गई। मूट कोर्ट मंचन में न्यायाधीश सुरेखा धुर्वे अभियोजन पक्ष आशुतोष धुर्वे ,साकिब बेग, अवंतिका उईके, कुंजल शर्मा, आयुष ए प्रसाद, आराधना यादव , संगीता बेलवंशी बचाव पक्ष के अधिवक्ता वैष्णवी जावरे, दिव्या सोनी , ब्रजलाल इनवाती ,ऋतिक तिवारी, योगेश लोधी, उमा भारती, उमेश साहू , आरोपी की भूमिका अनिल, उपनिरीक्षक की भूमिका उमेश सूर्यवंशी, डॉक्टर अमीषा मिश्रा, अर्जुन अन्य गवाह अंकित , प्रकाश, अमृता, अनुषिका, चांदनी , गगन , प्रीति, स्टेनो आकाश, रश्मि, अनुष्का, प्रियंका दरबान की भूमिका आनंद , विशाल ने निभाई। वरिष्ठ अधिवक्ता ने विधि विद्यार्थियों से कहा कि आपको अच्छा अधिवक्ता बनना है तो अपने प्रोफेशन को समय देना होगा। अपने सीनियर के साथ मेहनत कर सफल अधिवक्ता बन सकते हैं। कड़ी मेहनत हार को भी जीत दिला सकती है, बस जुनून होना चाहिए। विधिक सेवा प्राधिकरण के विजय खोबरागड़े ने कहा अच्छा अधिवक्ता बनने के लिए सतत मेहनत के साथ धैर्य रखना होगा। चाहे न्यायिक सेवा की तैयारी करें या अधिवक्ता बने मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम ने न्यायालयीन कार्रवाई एवं अधिवक्ताओं के दायित्व को समझाया। मंच संचालन कुंजल शर्मा व अवंतिका तथा आभार प्रदर्शन डॉ. कमलाकर मोटघरे ने किया। इस अवसर पर डॉ. दमयंती कटरे, डॉ. स्नेहा सिंह, कमलेश चरपे, तरूण यादव, राकेश कुमार कोष्टी, कीर्ति कोबरे और महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति ने बाबा साहब का 134वां जन्मदिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति सिंगोड़ी के द्वारा बाबा साहब का सोमवार को 134 वा जन्म दिवस बनाया गया। शाम तथा रात्रि में अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। गोरतलब है कि सिंगोडी स्थित नदी मोहल्ला में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए जाते है इस बार मुख्य कार्यक्रम सोमवार को हुआ। जिसमें भारी संख्या में स्थानीय एवं अथिति उपस्थित रहे । स्थानी वा छत्तीसगढ़ से आए मुख्य वक्ता धनीराम बंजारा द्वारा जन मानस को बाबा साहब की जीवनी एवं उनके संविधान निर्मित बाधाए एवं कठिनाई से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एड्वोकेट सीताराम कटारे,ओमकार बड़कड़े, टीकाराम डेहरिया,इंजीनियर प्रदीप बंशकार, पवन विसोपिया, सहित अन्य सामिल थे।

## बेसिक इले. प्रशिक्षण शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पांढुना के अटल टंकरिंग लैब में आज बेसिक इलेक्ट्रॉनिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इसमें शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य तथा साइंस पढानेवाले शिक्षकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। शिविर की शुरूआत वंदेमातरम गीत के साथ हुई। इस शिविर में डॉ. अनील गोयल नोडल अधिकारी, तथा अशासकीय विद्यालय के 30 प्राचार्य और विज्ञान के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण शिविर को संपन्न कराने में कार्यालय प्रमुख गुणवंता खोडे एवं अटल प्रभारी राहुल गायधने की अहम भूमिका रही है।

### आरटीई में गरीब बच्चों का निशुल्क प्रवेश शुरू

**पांढुर्ना ।** निशुल्क एवं अनिवार्य बालशिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग वंचित बच्चों के शाला प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कराने के आदेश मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किए जा चुके है। शासन निर्देशानुसार इन बच्चों के प्रवेश की ऑनलाईन प्रक्रिया 7 मई से लेकर 21 मई तक आरटीई पोर्टल के माध्यम से संपन्न करानी जरूरी है। इस तिथि के उपरांत आवेदन ना होने या सत्यापन ना होने की स्थिति में बच्चे शाला प्रवेश से वंचित हो सकते है।

### आज भगवान श्री परशुराम जी की शोभा यात्रा

**जुन्नारदेव-**: श्रीब्रह्म सभा जुन्नारदेव द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 2 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज 29/04/2025 दिन मंगलवार को शाम 6:00 बजे से शोभा - यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए विद्यादेवी शुक्ला महाविद्यालय पहुंचेगी। जहां पर ब्रह्म समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा ।तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात सभी का भोजन रहेगा। दिनांक 30/04/2025 दिन बुधवार को प्रातः 8:00 बजे से श्री राम मंदिर में भगवान परशुराम जी का पूजन, अभिषेक, हवन, महाआरती होगी जिसका समापन प्रसाद वितरण व स्वल्पाहार से होगा।

### सांसद का जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाएगा जुन्नारदेव भाजपा नगर मंडल

**जुन्नारदेव।** छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक (बंटी) साहू का जन्म दिवस 29 अप्रैल मंगलवार को समूचे जिले में मनाया जाएगा इसी कड़ी में जुन्नारदेव नगर मंडल द्वारा भी संसद का जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाए जाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी से मिली जानकारी अनुसार सांसद के जन्मदिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा इसके उपरांत नगर में जगह-जगह शीतल पेयजल के प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा। स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने समस्त भाजपा के पदाधिकारी सदस्यों से सांसद के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देने की अपील की है।

## आदिवासी समाज संगठन ने फास्ट ट्रेक कोर्ट में मामला चलाने की मांग

# दुष्कर्म के आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले के हट्टा थाना क्षेत्र में ग्राम दुगलई निवासी 4 आदिवासी बच्चियों और युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की जघन्य घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद आदिवासी समाज में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर शीघ्र सजा दिलाये जाने की मांग को लेकर सोमवार 28 अप्रैल को आदिवासी समाज संगठन लांजी के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आदिवासी समाज संगठन लांजी के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि इस प्रकार के जघन्य अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। संगठन द्वारा मांग की गई है की सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट अंतर्गत त्वरित सजा व पीड़ित आदिवासी परिवार पर किसी प्रकार के दबाव, प्रलोभन को रोकने, सुरक्षा प्रदान कर तुरंत राहत राशि दिलाई जाए। इस शर्मनाक घटनाक्रम के आरोपित प्रकरण को फ स्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग समस्त आदिवासी समाज करता है। साथ ही पीड़ित आदिवासी परिवार को अन्य व्यक्ति के माध्यम से किसी प्रकार का यदि दवावए प्रलोभन दिया जाता है तो उस पर भी कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जावे। उक्त घटनाक्रम में पीड़ित को शासन की ओर से राहत राशि की स्वीकृति प्रदान करवाकर उनके खाते में हस्तांतरित किया जाये। इस दौरान मीडिया को जानकारी से अवगत कराते हुए आदिवासी समाज संगठन के पदाधिकरयों ने कहा की आदिवासियों पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे है, हमारी मांग है कि शासन-प्रशासन इस मामले में ठोस कार्यवाही कर आरोपियों को कड़ी सजा देवे। आदिवासी समाज लांजी हर संघर्ष व लड़ाई में साथ है, साथ ही उन पीड़ित परिवार के साथ है जिनके घर की बेटियों के साथ गलत कार्य हुआ है। उन्हें न्याय दिलाने तक हम सभी उनके साथ हरदम खड़े रहेगे। इस दौरान आदिवासी समाज संगठन के सचिव टुमनलाल घोरमारे, संजय कुमार धारणे, अतुल हनौते, सालिकराम नेवारे, होमेश्वर घोरमारे, संपतसिंह पंद्रे, शेरसिंह पंद्रे, चैनसिंह उईके, कुलेसिंह उईके सहित अन्य शामिल रहे।

## दो राज्यों के किसानों ने बोनकट्टा में आंदोलन की दी चेतावनी, सौंपा ज्ञापन

# पानी के अभाव में बर्बाद हुई धान की फसल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल के दर्जन भर से अधिक गांवों और इतनी ही संख्या में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गांवों के किसानों ने दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध से बावनथड़ी नदी में पानी नहीं छोड़ने पर आगामी 04 मई रविवार को बोनकट्टा बैरियर चौक में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी है. पठार संघर्ष समिति के नेतृत्व में यह धरना प्रदर्शन होगा. समिति के संयोजक दीपक पुष्पतोड़े ने सोमवार 28 अप्रैल को बालाघाट पहुंचकर इस संबंध में दोपहर साढ़े 03 बजे कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है. बता दें पठार अंचल में रबी के सीजन में लगाई गई धान की फसल को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया. जिस कारण धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई. ऐसे में किसानों ने खेतों में लगी धान की फसल को काटकर मवेशियों को खिलाना शुरू कर दिया है. किसानों का कहना है कि जब उन्होंने धान की फसल लगाई थी तब भूजल स्तर ठीक था. जिसे ध्यान में रखकर रबी के सीजन में धान की फसल लगाई थी लेकिन इस वर्ष पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं हो पाई और बांध से भी फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया. जिससे फसल बर्बाद हो गई. कम मात्रा में बारिश होने का असर ना सिर्फ फसलों की सिंचाई पर पड़ा बल्कि गांवों में जलस्त्रोत्र भी सूख चुके है जिससे पठार अंचल के कई गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है. पेयजल योजना बंद हो चुकी है।

**दो बार पूर्व में भी सौंपा ज्ञापन:** पठार अंचल के ग्रामीण इलाकों के खेतों में लगी धान, गन्ना सहित सब्जी की सूखती फसलों और इससे किसानों को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखकर पठार संघर्ष समिति ने इसके पहले भी दो बार कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और बांध का पानी नदी में छोड़ने की मांग की. समिति ने पहली बार 02 अप्रैल और दूसरी बार 17 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पठार अंचल के हालात से कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया और बांध का पानी नदी में छोड़ने की मांग रखी. दूसरी मुलाकात में कलेक्टर ने बांध का पानी नदी में छोड़ने का कोई प्रावधान नहीं होने की बात कहीं. 26 अप्रैल को बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने राजीव सागर बांध का निरीक्षण किया. इस दौरान उनके साथ जल संसाधन विभाग के एसडीओ के.के.पारधी मौजूद थे. उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वर्तमान में 54 एमसीएम पानी शेष है।

**नहरों का सीमेंटीकरण जरूरी:** दरअसल, राजीव सागर बांध से नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी तो छोड़ा जा रहा है लेकिन नहरों का सीमेंटीकरण नहीं होने के कारण गर्मी के दिनों में अधिकांश पानी जमीन अवशोषित कर लेती है और एक बड़े हिस्से में पानी नहीं पहुंच पाता. इस समस्या से निपटने के लिए नहरों का सीमेंटीकरण करने की जरूरत है. बता दें कि महाराष्ट्र राज्य में राजीव सागर बांध की नहरों का सीमेंटीकरण हो चुका है ऐसे में वहां किसानों को सिंचाई के लिए आसानी से पानी पहुंच रहा है लेकिन मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले की नहरों में अब तक सीमेंटीकरण नहीं हो पाया है जिससे गर्मी के दिनों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ने के बाद भी किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।

### मारपीट के आरोपियों को 2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**कटंगी।** व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती नेहा ठाकुर ने मारपीट और गाली-गलौज के एक मामले में आरोपियों को 02-02 वर्ष के कठोर कारवास और 65 सौ रूपए के अर्थदंड से दंड़ति किया है. सोमवार को अभियोजना अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मानसिंह पिता भेंदुलाल कंगाली, राकेश पिता मानसिंह कंगाली और राज पिता मानसिंह कंगाली तीनों निवासी टेकाड़ी को सजा सुनाई गई है. आरोपियों के विरुद्ध कटंगी थाने में बीएनएस की धारा 118 (2) सहपठित धारा 3 (5) का मामला पंजीबद्ध था. इस मामले की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपियों को 02-02 वर्ष का कठोर कारावास और 65 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित करने के आदेश दिए है. अपराधियों के विरुद्ध 27 जून 2024 को प्रार्थी दिनेश वरकड़े ने शिकायत दर्ज करवाई थी. बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया और विवेचना की कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया. प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों के आधार पर और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपियों को सजा और अर्थदंड से दंडित किया है।

# 1.70 लाख की सागौन पकड़ाई : 2 आरोपी पकड़ाए, भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन की अवैध तरीके से तस्करी करते हुए दो आरोपियों को वन विभाग ने पकड़ा है. आरोपियों के खिलाफ वन अपराध दर्ज कर माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया गया. जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. वन परिक्षेत्र सहायक कांतीलाल उइके ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 26-27 अप्रैल की मध्यरात्रि गश्ती के दौरान कन्हड़गांव के पिपरवानी के रास्ते सागौन का अवैध तरीके से परिवहन करते हुए पिकअप वाहन एमएच 40/6704 को पकड़ा गया है. जिसमें 26 नग सागौन के लट्ठे बरामद किए गए है. सागौन की अनुमानित कीमत 1 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई है. उन्होंने बताया कि उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम के निर्देशन और वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार के नेतृत्व में गश्ती के दौरान कार्रवाई को अंजाम दिया गया. आरोपी रामचंद पिता तुलाराम बावने उम्र 42 वर्ष निवासी महकेपार और कृष्ण कुमार पिता प्रकाश मड़ाये उम्र 32 वर्ष निवासी तुमसर महाराष्ट्र के कब्जे से सागौन जब्त किया गया है. जिनके खिलाफ मध्य प्रदेश वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1969 की धारा 5 (1) की कार्रवाई गई है. इस पूरी कार्रवाई को परिक्षेत्र सहायक कांतीलाल उइके, वन रक्षक अतुल कंगाली, अंकित बानेवार, सोहेल खान और वन स्टाफ ने मिलकर अंजाम दिया है।

गौरतलब हो कि वन विभाग को काफी लंबे समय से जंगलों से सागौन की अवैध कटाई और तस्करी की सूचना मिल रही थी. वन अमला सागौन तस्करों को पकड़ने की फिराक में था. जिसके चलते जंगल में गश्ती बढ़ाई दी गई थी. मुखबिर तंत्र को भी पहले से अधिक सक्रिय किया गया था. वन विभाग की इसी मेहनत के चलते बड़ी मात्रा में सागौन के लट्ठों के साथ दो आरोपियों को पकड़ने में वन विभाग को सफलता मिली है. हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी आरोपियों की तरफ से यह खुलासा नहीं किया गया कि वह इतनी बड़ी मात्रा में सागौन कहां लेकर जा रहा थे और किस जंगल से उन्होंने सागौन के वृक्षों की कटाई की है।

### इनका कहना है

गश्ती के दौरान कन्हड़गांव से पिपरवानी के रास्ते सागौन की तस्करी करने वाले दो आरोपी को पकड़ा गया. जिसके खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया. वन विभाग का अमला पूरी सक्रियता से लगा हुआ है कि इस तरह की चोरियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सकें।

**बाबूलाल चढ़ार**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी**

## देवनलाल इड़पाचे अध्यक्ष व पीताम्बर नागेश्वर जिला प्रतिनिधि निर्वाचित

# प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बुदबुदा के चुनाव संपन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्राथमिक लघु वनोपज समिति बुदबुदा के नवनिर्वाचित जिला प्रतिनिधि पीतांबर नागेश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक लघु वनोपज समिति बुदबुदा के चुनाव आयोजित किए गए। जिसके लिए 15 अप्रैल 2025 को नामांकन भरे गए, 16 अप्रैल 2025 को नामांकन पत्रों की जांच की गई तथा 17 अप्रैल 2025 को नामांकन पत्र उठाने की प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

**समिति के 11 सदस्य निर्विरोध हुए निर्वाचित:** उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान 14 सदस्यों ने नामांकन पत्र जमा किए थे, जिसमें से 03 सदस्यों ने अपनी स्वेच्छा से नामांकन पत्र वापस ले लिए और शेष 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उसके बाद 28 अप्रैल 2025 को समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य स्थानों पर जाने हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु 03 निर्वाचित सदस्यों देवनलाल इड़पाचे, डुलीचंद चिखले व बलीराम गजभिये ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किए।

**अध्यक्ष पद के लिए देवनलाल ने डुलीचंद को 4 मतों से हराया:** अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक नामांकन पत्र होने की स्थिति में चुनाव अधिकारी ताराचंद डोंगरे व नोडल अधिकारी पवन पटले द्वारा गुप्त मतदान कराया गया। जिसमें मतगणना में देवनलाल इड़पाचे को 7 मत, डुलीचंद चिखले को 3 मत और बलीराम गजभिये को 1 मत मिले। इस प्रकार देवनलाल इड़पाचे ने 4 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डुलीचंद चिखने को पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजयश्री हासिल की।

**जिला प्रतिनिधि पद के लिए पीतांबर ने बलीराम को 3 मतों से हराया:** वहीं जिला प्रतिनिधि पद के लिए तीन सदस्यों क्रमशः पीताम्बर नागेश्वर, रामचंद मसराम व बलीराम गजभिये द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। जिसके बाद चुनाव अधिकारियों ने गुप्त मतदान करवाया। जिसमें पीताम्बर नागेश्वर को 6 मत, रामचंद मसराम को 2 मत तथा बलीराम गजभिये को 3 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार जिला प्रतिनिधि पद के लिए पीताम्बर नागेश्वर ने 3 मतों से बलीराम गजभिये को पराजित किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए भागरता सैयाम तथा डुलीचंद चिखले व मार्केटिंग हेतु ज्ञानचंद नगरगडे को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

पूरे चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। चुनाव सम्पन्न करवाने में चुनाव अधिकारी ताराचंद डोंगरे, नोडल अधिकारी पवन पटले और समिति प्रबंधक प्रमोद टेम्भरे की प्रमुख भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लगातार जारी गतिविधियां

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए दीवार लेखन, नारे, रैलियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड सिवनी के आदर्श ग्राम बिठली में जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था पंचज विकास परिषद द्वारा अन्य जन प्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में चौपाल एवं जल संरक्षण एवं संग्रहण की कार्ययोजना पर चर्चा की गई साथ ही साथ दीवार लेखन का कार्य भी किया गया वहीं आदर्श ग्राम बिठली के नाले के समीप स्वच्छता एवं श्रमदान किया गया।

# भीमगढ़ मछुआरों का 2.79 लाख रुपए का भुगतान पड़ा लंबित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




रविवार को आदर्श मछुआरा सहकारी समिति भीमगढ जलाशय(छपारा) के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित था।इस बैठक में बरगी बांध जलाशय के अध्यक्ष को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। आदर्श मछुआरा सहकारी समिति के अध्यक्ष गणेश बर्मन ने बताया कि समिति का पंजीयन सन 1979 में हुआ है जिसमें 12 ग्राम पंचायतों के 52 गांव शामिल हैं।कुल सदस्य संख्या 577 है जिसमें 53 महिला सदस्य है। मत्स्याखेट के लिए 2200 हेक्टेयर क्षेत्र आबंटित किया गया है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष में 132 टन मत्स्य उत्पादन हुआ था। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान समिति के 62 मछुआरा सदस्यों द्वारा बचत सह राहत योजना में 93000 रूपए जमा किया गया था। इतनी ही राशि का योगदान राज्य और केंद्र सरकार मिलाकर कुल 2.79 लाख रुपए मछुआरों का भुगतान लंबित है। यह राशि 15 जून से 15 अगस्त जलाशय में मत्स्याखेट कार्य बंद रहने के दौरान दिया जाता है।यह योजना केवल बीपीएल धारक के लिए है।

समिति के उपाध्यक्ष नंद कुमार ने बताया कि राज्य मत्स्य महासंघ भोपाल द्वारा मछली पकड़ने की मजदूरी दर बाजार भाव से बहुत ही कम निर्धारित किया गया है।मेजर और माइनर कार्प मछली पकड़ने की मजदूरी 34 और 20 रूपए प्रति किलो है। बरगी बांध विस्थापित मत्स्य उत्पादन एवं विपणन संघ जबलपुर के अध्यक्ष मुन्ना बर्मन ने कहा कि प्रदेश भर के 28 जलाशयों के मछुआरों को संगठित होकर इसके लिए आवाज उठाने की जरूरत है। मध्यप्रदेश श्रमिक मछुआरा संघ के माध्यम से सभी छोटे - बड़े जलाशय के मछुआरों को संगठित करने का कार्य पिछले वर्ष से शुरू किया गया है। इसमें अधिक से अधिक सक्रिय मछुआरा सदस्य बनें। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य महासंघ का पिछले 25 वर्षो से चुनाव ही नहीं कराया गया है,केवल नियुक्त प्रशासक के माध्यम से कार्य संपन्न कराया जा रहा है,जो गैर संवैधानिक है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष के जून में समस्त मछुआरों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में रमेश बरमैया, रघुवंशी डेहरिया, महेश कुमार बरमैया,कुंजन लाल बरमैया और छिदामी लाल बर्मन की विशेष उपस्थिति थी।

### नगर में कुत्तों का आतंक, 10 वर्षीय बच्ची को काटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश में कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में कुत्ते मासूम बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं। ताजा मामला सिवनी जिले से सामने आया है। यहां पर घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को बुरी तरह नोचा है। बच्ची अस्पताल में भर्ती है। दरअसल, पूरा मामला शहर के विवेकानंद वार्ड का है। यहां एक 10 साल की मासूम बच्ची जैसे ही अपने घर के बाहर निकली तुरंत आवारा कुत्ते ने बच्ची पर हमला कर दिया। वह बच्ची को कमर के पास नोचना शुरु कर देता। बच्ची खुद को बचाने के लिए घर की तरफ भागती है, लेकिन कुत्ता नोचना नहीं छोड़ता है। जब वह बच्ची घर के दरवाजे के अंदर चली जाती है तब कुत्ता वहां से भागता है। मासूम घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# बस और बाइक की टक्कर में एक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के छपारा थाना क्षेत्र में राजघराना पैलेस के पास सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे सड़क हादसा हुआ। बस और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। दूसरा व्यक्ति घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक, दो लोग बाइक से छपारा की ओर जा रहे थे। राजघराना पैलेस के पास उनकी बाइक की टक्कर बस से हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। छपारा पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही, मृतक और घायल की पहचान की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दुर्घटना में घायल युवक को अपने वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचाया



**सिवनी-** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शदिनेश राय मुनमुन जी भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे शामिल हुए। तथा सभी के लिए मंगल कामनाएं किया।इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने सिवनी से छपारा के बीच ग्राम गोरखपुर टेक मे घटित दुर्घटना मे घायल हुए सिवनी की प्रायवेट कंपनी मे कार्यरत लगभग 30 वर्षीय लालबर्रा निवास श्री शुभम चौधरी को अपने निज वाहन मे जिला चिकित्सालय पहुंचाकर तत्काल उपचार आरंभ कराया।

# पहलगांव में हुए आतंकी हमले से आहत होकर जिले के आदेगांव में विरोध प्रदर्शन किया गया

हरिभूमि न्यूज़/ आदेगांव/ विमल चौबे



सकल समाज द्वारा पाकिस्तान का पुतला दहन करके अपना विरोध जताया ग्राम के प्रबुध जनो का कहना है सरकार पाकिस्तान को सबक सिखाए एवम देश में पनप रहे इस्लामिक कटरपंथीयो को जो की भारत में रहकर ही इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे है उन पर कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही हिंदू समाज से भी आग्रह किया गया की वह समय रहते हुए जाग्रत हो जाए अन्यथा निरंतर इस्लामिक आतंकवाद देश में पनपता चला जाएगा इस जन आक्रोश रैली में मुख्य रूप से पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष भुवन अवधिया पंडित देवेंद्र चोबै. धन्नाराम परवारी.कैलाश गौस्वामी साहव शरण अवधिया .बजरंग दल के पदाधिकारी जितेंद्र नेमा देवेंद्र विश्वकर्मा प्रमोद यादव . राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जितेंद्र साहू साहिल अवधिया मयंक नेमा एवं .एवम अनेक जनसंख्या में सकल हिंदू समाज शामिल हुआ। हमले में जान गवाने वाले लोगो के लिए सवेदना व्यक्त कर मोन धारण किया गया घायल हुए व्यक्ति के लिए शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की रैली मुख्यरूप से खेरापति माता मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार चौक में समापन किया गया एवं इस्लामिक आतंकवाद मुरादाबाद के नारो के साथ-साथ पाकिस्तान का पुतला बनाकर पुतला दहन किया गया और कैंडल जलाई गई।

# शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा में स्टाफ व विद्यार्थियों के द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए जा रहे जलपात्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्तमान की भीषण गर्मी में जब तापमान तेजी से बढ़ता है और प्राकृतिक जल स्त्रोत सूखने लगते है तो पक्षियों के जीवन दूभर हो जाता है इस कठिन दौर में पक्षियों के प्यासे कंठ को पानी की बूंदों से तर करने शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा में स्टाफ व विद्यार्थियों के द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सार्थक पहल की जा रही है । इस शुभ पहल के अंतर्गत पक्षियों ,परिंदों के लिए ऐसी तपती धूप में प्यास बुझाने के लिये विद्यार्थियों के द्वारा कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर अधिक तादाद में जलपात्र लगाए जा रहे हैं जो पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कारगार तरीका है । इस मानवीय पहल को लेकर कार्यक्रम अधिकारी सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि सभी जिम्मेदार नागरिक घरों के बाहर पानी के बर्तन भरकर टांगें या बड़ा बर्तन भरकर रखे जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित हों और अपनी प्यास बुझायें । छत में भी पानी की व्यवस्था कर छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भरकर रखे। अपनी इंसानियत बचाये रखने के लिए हमें यह काम करना चाहिए । इस उत्साह जनक कार्य में सहयोगी बन रही रीना ने कहा कि पशु - पक्षियों के प्रति सभी को संवेदनशील होना चाहिए। मानवता का असली अर्थ तभी सार्थक होता है जब हम अपने साथ-साथ अन्य जीवो के प्रति दया और उत्तरदायित्व का भाव रखें । हम भी छोटे-छोटे प्रयास करके पशु-पक्षियों की मदद कर सकते हैं । प्राचार्य नलिन तिवारी ने कहा कि पशु -पक्षियों को बचाने के लिए आम जन को आगे आना होगा । पशु-पक्षियों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। भीषण गर्मी में आसमान में से आग बरस रही है,गर्मी में मानव हो या पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है।ऐसे में लोगों की जिम्मदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था करें ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके । सकोरे में दाना पानी रखना एक छोटा प्रयास है पर परिणाम दीर्घकालिक है यह हमें प्रकृति से जोड़ता है।





# "गिफ्ट अ डेस्क" अभियान से जुडकर सीईओ जनपद ने प्राथमिक शाला देवरीकला में गिफ्ट की 10 डेस्क

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिले के शासकीय विद्यालयों की सुविधाओं का उन्नयन कर जन भागिदारी से अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के लिए डेस्क उपलब्ध कराने की मुहिम की जा रही है। जिसमें सहभागिता करते हुए सीईओ जनपद छपारा द्वारा प्राथमिक शाला देवरीकला में 10 डेस्क गिफ्ट की गई। इस अवसर पर सीईओ जनपद श्री राकेश दुबे द्वारा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आकर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चे भी डेस्क पाकर उत्साहित दिखाई दिये। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के 1367 प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के लिए अनुमानित 20347 डेस्क दानदाताओं से उपलब्ध कराने की "गिफ्ट अ डेस्क" मुहिम चलाई जा रही है।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की जिले के फर्नीचर निर्माताओं के साथ हुई बैठक में फर्नीचर निर्माताओं द्वारा 2200 रूपयें के लागत मूल्य पर ही विद्यालयों में आवश्यकतानुसार गुणवत्तायुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों से अभियान में शामिल होकर स्वेच्छा से अपनी इच्छानुसार स्कूलों में डेस्क उपलब्ध कराने की अपील की गई है। गिफ्ट अ डेस्क अभियान से जुड़ने के लिए नागरिकगण https://sites.google.com/view/gift-desk/home पर अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा पंजीयन उपरांत जिला स्तरीय कॉल सेंटर से संपर्क किये जाने पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त लिंक पर स्कूलों, आवश्यक डेस्क की जानकारी के साथ ही फर्नीचर निर्माताओं की सूची भी उपलब्ध है।

# बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर पहुंची शिकायतों से संबंधित अधिकारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश

**कलेक्टर सु संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 28 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सु सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सु संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सु जैन ने बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर पहुंची शिकायतों से संबंधित अधिकारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये हैं साथ ही जिलेवार रैंकिंग में डी कैटेगिरी के विभागों को अधिकतम शिकायतों को संतुष्टी से बंद कराते हुए श्रेणी सुधार करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सु जैन ने बैठक में जल संसाधन विभाग, नगरपालिका एवं जल निगम के अधिकारियों से पेंच परियोजना से पानी आने के उपरांत भीमगढ़ बांध के जल स्तर तथा इंटेक के लेबल की जानकारी लेकर पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की।उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सतत जलापूर्ति के लिए लगातार मॉनिटरिंग तथा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। इसी तरह कलेक्टर सु जैन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली तथा प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली पेयजल आपूर्ति संबंधी प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रत्येक विकासखंड में हैंडपंप तथा नलजल योजनाओं के त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए टीम की ड्यूटी लगाने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर सु जैन ने फॉर्मर रजिस्ट्री, ई-केवायसी तथा स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए ग्रामवार आयोजित कैंपों की प्रगति की जानकारी लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्धारित कैंप का प्रचार-प्रसार करते हुये मैदानी अमले के माध्यम से राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सु जैन ने शासकीय विभागों में लागू ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने ई-ऑफिस में सक्रीय हुए विभागों को विभागीय कार्यवाही ई-ऑफिस में ही संपादित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सु जैन ने खाद्यान्न वितरण एवं आवंटन, खाद-बीज की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं की भी विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर सु जैन ने शासकीय स्कूलों की सुविधाओं के उन्नयन के लिए जन सहयोग से स्कूलों में डेस्क उपलब्ध कराने के लिए चलाये जा रहे "गिफ्ट अ डेस्क" अभियान में अधिकारियों-कर्मचारियों को भी स्वेच्छा से सहभागिता करने के साथ ही अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करने की बात कही।

# 68वी राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा दिल्ली में भाग लेंगी गुनगुन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**. लोक शिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा शिक्षा विभाग जबलपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा में सिवनी जिले के ख़लिाडीयो ने जबलपुर संभाग से भाग लेकर 3 स्वर्ण पदक जीते थे । ज्ञातव्य है कि इस स्पर्धा में मध्यप्रदेश के इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में जबलपुर संभाग, भोपाल संभाग,इंदौर संभाग, रीवा संभाग ,सागर संभाग, ग्वालियर संभाग, नर्मदापुरम संभाग, आदिवासी विकास विभाग संभाग भोपाल,के 300 से अधिक खिलाड़ियो ने भाग लिया था । जबलपुर संभाग के खिलाड़ियो ने राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा जो की दिनाक 03 नवंबर से 7 नवंबर तक जबलपुर में आयोजित थी इस स्पर्धा में खिलाड़ियो ने उमेश उइके के साथ भाग लेकर पदको में कवजा किया था । इस प्रतियोगिता से गुनगुन विश्वकर्मा सीनियर बालिका वर्ग 69-70 किलोग्राम का चयन हुआ था यह खिलाडी दिनाक 23 अप्रेल से 27 अप्रेल दिनाक तक ग्वालियर में चल रहे प्री नेशनल केम्प में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है इसके पश्चात यह खिलाडी दिनाक 30 अप्रेल से दिनाक 5 मई तक दिल्ली में आयोजित रास्ट्रीय स्पर्धा में मध्यप्रदेश टीम का नेतृत्व करेगा । ज्ञातव्य है कि सिवनी जिले के खिलाडी श्री महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड सिवनी बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में सिवनी जिले के मुख्य बॉक्सिंग प्रशिक्षक सोहन लाल सेन सचिव जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी से प्रशिक्षण प्राप्त है , संस्था के अध्यक्ष प्रसन्न मालू ने बताया कि मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संघ से सिवनी जिले के एक मात्र मान्यता प्राप्त बॉक्सिंग खेल प्रशिक्षण केंद्र श्री महावीर व्ययमशाला संघठन सिवनी है जहाँ निशुल्क प्रशिक्षण वर्ष भर प्रदान किया जाता है ।साथ ही निर्धन ख़लिाडीयो के प्रशिक्षण हेतु सुविधाएं प्रदान की जाती है । रास्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने पर एवं रास्ट्रीय स्पर्धा में पदक प्राप्त करने की कामना जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी,जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, एम.एल.बी.प्राचार्य आराधना राजपूत प्रसन्न मालू अध्यक्ष श्री महावीर व्यायामशाला संगठन सिवनी ,शंकर लाल सोनी, हीरालाल सोनी, संचालक धीरज पाल ,प्रदीप वर्मा, देवेंद्र ठाकुर , अनिल राजपूत, संदीप मिश्रा, भावना गायकवाड़, सुनील मर्सकोले, छिद्दी लाल श्रीवास , मनीष मिश्रा मोनू विधायक प्रतिनिधि,रामायण पटेल, चंचल दास आहूजा ,विनोद सोनी, अंकित मिश्रा, सौरभ सोनी , उमेश उइके,राकेश मालवीय, संदीप नेमा, राकेश मालवीय शीतल नामदेव,आकाश सोनी, एवं समस्त श्री महावीर व्ययमशाला एवं जिला बॉक्सिंग संघ के सदस्यों की है ।

# कुलस्ते का लखनादौन दौरा: खमरिया गोसाईं में स्वास्थ्य सौगात, सिहोरा में शिक्षा सम्मान, वन विकास पर ज़ोर

**स्वास्थ्य, शिक्षा और वन विकास का त्रिवेणी संगम: लखनादौन में उमंग और उत्साह**

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन। लखनादौन क्षेत्र विकास की एक अनूठी त्रिवेणी का साक्षी बनेगा, जहाँ स्वास्थ्य, शिक्षा और वन विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहलें एक साथ आकार लेंगी।**

राष्ट्रीय नेता और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की गरिमामयी उपस्थिति इस दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाएगी। प्रातः 9:30 बजे, खमरिया गोसाईं में एक नए उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण होगा। यह केंद्र क्षेत्र के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की एक नई उम्मीद लेकर आएगा, जहाँ उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ सुलभ हो सकेंगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन भी इस अवसर पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। यह पहल न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के जीवन में एक नई ₹आशा की किरण₹ भी जगाएगा।

इसके बाद, प्रातः 10:30 बजे, हाई स्कूल सिहोरा में शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले शिक्षक रविंद्र गोल्हानी के सेवानिवृत्त होने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। एक शिक्षक का सम्मान पूरे समाज के लिए प्रेरणा का प्रतीक है, और यह कार्यक्रम उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर होगा।

कार्यक्रमों की यह महत्वपूर्ण श्रृंखला यहीं नहीं रुकेगी। पूर्वाह्न 11:00 बजे, वन विद्यालय लखनादौन में वन प्रबंधन समितियों को लाभांश एवं सामग्री वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह पहल वन संरक्षण को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो पर्यावरण और समाज के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करेगा।

इन महत्वपूर्ण आयोजनों में मालती मुकेश डेहरिया, विजय उइके, अनिल गोल्हानी, पार्वती डुमारी उइके, मीना बलराम गोल्हानी, दीपक निगम, नाहर पटेल, और सविता सुधीर गोल्हानी जैसे प्रमुख व्यक्ति भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। भारतीय जनता पार्टी के कनिष्ठ और वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। अजेंद्र गोल्हानी, मंडल अध्यक्ष लखनादौन, ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है। यह दिन न केवल नई विकास परियोजनाओं की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि उन लोगों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है जो समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आइए, हम सब मिलकर इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बनें और

### जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में किया जाय सुधार - ऋषभ ठाकुर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** NSUI के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने बताया कि वह कई सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर लगभग 5-6 सालों से जरूरत मंद को रक्तदान करवाया जाता हे, लेकिन अभी जिला चिकित्सालय सिवनी के ब्लड बैंक में ऑनलाइन सिस्टम होने के कारण या तो मरीजों के परिजन को परेशान किया जा रहा हे क्योंकि यदि किसी परिजन को ब्लड की जरूरत है तो वह अपना डोनर भी लाए साथ में वहां बार कोड ऑनलाइन सिस्टम के कारण आपको परेशान भी होने पड़े लगभग जिला चिकित्सालय के वार्ड से डिमांड आने के बाद आपको ब्लड बैंक में 2 घंटे देने पड़ेंगे तब कही जाकर आपको ब्लड दिया जाएगा और वहां के स्टाफ आपसे बत्तमीजी से अलग पेश आएंगे, एवं यदि आपका ब्लड जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक से बाहर जा रहा हे तो आपको एक डोनर एवं 1050 रुपए की रसीद अलग कटानी पड़ेगी, तो में कलेक्टर महोदया से मांग करता हूं कि ब्लड की व्यवस्था में सुधार हो एवं प्राइवेट में जाने वाले ब्लड की निशुल्क व्यवस्था की जाए।

### उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में उद्योगों को बढावा देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 6 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में उदयोगों को बढावा देने के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार 06 मई को दोपहर 2.00 बजे से कलेक्टर सभा कक्ष सिवनी में किया जा रहा है। उक्त कार्यशाला में उद्योगों के विस्तार एवं विभागीय नीतियों/नियमों तथा RAMP योजना एवं स्टार्टअप योजना के व्यापक प्रचार सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग द्वारा जारी नवीन नीतियों/नियमों योजनाओं तथा भारत सरकार की RAMP योजना का प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न स्तरीय कार्यक्रमों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किये जाने तथा उनके क्रियान्वयन संबंधी प्रक्रियाओं की संपूर्ण जानकारी उद्यमियों को प्रदान की जायेगी। कार्यशाला मे रेम्प एवं स्टार्टअप योजना के तथा सिवनी जिले में और अधिक से अधिक औद्योगिकरण के संबध में विस्तार के बताया जावेगा आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए संपूर्ण भारतवर्ष में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उसी तारतम्य में सिवनी में भी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि उद्योगो को गति मिल सके। आयोजित कार्यशाला में नामांकित मास्टर टेनर द्वारा रेम्प एवं स्टॉटअप योजना एवं एसएमएई विभाग में संचालित मध्य प्रदेश विकास नीति 2025 एवं स्टार्टअप नीति 2025 एव भूमि आवंटन नियम 2025 का भी प्रस्तुतिकरण किया जावेगा। आयोजित कार्यशाला एवं प्रशिक्षण में ईओडीवी के संदर्भ में उदयोगों के संचालन में आ रही समस्याओं को जानना एवं चिन्हित विशिष्ट उत्पादों के संबंध में अवगत कराना एवं जीआई टैगिंग करने के लिए समुचित कार्यवाही करना, कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा RAMP योजनांतर्गत विशषज्ञों द्वारा किया जावेगा। उक्त कार्यशाला में जिले के समस्त उद्योग, वाणिज्य एवं व्यापार संघों के पदाधिकारी/सदस्य एवं स्टार्टअप की अधिक से अधिक इच्छुक उद्यमियों की सहभागिता का महाप्रबंधक श्री आशीष नोएल द्वारा अनुरोध किया गया है।

## करोड़ों की योजनाओं में हो रहा बंदरबाट

# बॉटनीकल गॉर्डन गर्रा में पनप रहा हैं जुआरियों का साम्राज्य

**मामला वन परिक्षेत्र वारासिवनी दक्षिण सामान्य वनमंडल का**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





वनस्पति उद्यान गर्रा में दैनिक वेतनभोगी चौकादारों के सरंक्षण में असामाजिक तत्वों के द्वारा गॉर्डन में जुऐ का खेल रोजाना चल रहा हैं, मिली जानकारी अनुसार 12 से 15 युवक शाम 4 से 5 के बीच बॉटनीकल गॉर्डन के अंदर 52 पत्तो का खेल संचलित कर रहे हैं। गॉर्डन में पदस्थ चौकीदार जुआरियों का संरक्षण करते हुए उनको पूरी सुरक्षा प्रदान कर रहें हैं। लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार को गॉर्डन मोहल्ले की महिलाओं के द्वारा 1-2 माह पूर्व पुलिस विभाग को लिखित रूप में शिकायत दर्ज कर अवैध खेल को संचलित करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की मांग की थी। किन्तु जुआ का खेल संचलित करने वाले बेखौफ होकर वन विभाग के सरंक्षण में खेल को जारी रखते हुए क्षेत्र में भय फैलाने का कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अधर्व गुप्ता को भी सुचना दी गई थी किन्तु वन विभाग को शासन की राशि में बंदरबाट करने में ज्यादा आनन्द आ रहा हैं।

### छत्रपाल की छत्रछाया में जारी हैं करोड़ों का भ्रष्टाचार

नगर वन विकास अंतर्गत बॉटनिकल गॉर्डन सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई हैं तथा वन परिक्षेत्र वारासिवनी के द्वारा सौंदर्यकरण कार्य किया जा रहा हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी छत्रपाल जादौन के द्वारा लगभग 2 करोड़ रूपये की राशि से लेण्टाना उन्मूलन, पगोड़ा निर्माण तथा तालाब निर्माण कार्य तथा वनस्पति उद्यान में चारों तरफ फेंसिंग कर सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा हैं। इसके लिए विभाग ने विधिवत निविदा निकालकर ठेकेदारों से सामाग्री प्रदान करने को कहा हैं। वन परिक्षेत्र छत्रपाल जादौन के द्वारा करोड़ों की राशि बंदरबाट करते हुए रातोरात जेसीबी मशीन से वन क्षेत्र के अंदर बगैर परमिशन के खुदाई करते हुए नवीन तालाब बनाया गया हैं। जेसीबी के कारण दर्जनों वृक्षों की जड़ों को नुकसान पहुंचाते हुए कार्य किया जा रहा हैं। वहीं विभाग ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया हैं। किन्तु निर्माण कार्य किस मद से किया जा रहा हैं, जानकारी देने वाला बोर्ड नही लगाया हैं। वनस्पति उद्यान का प्रभार शैलेन्द्र जगजीवन बीटगॉर्ड के पास हैं किन्तु निर्माण कार्य की जिम्मेदारी भूपेन्द्र वासनिक को सौप रखी हैं।

## खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं जागा जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग

# नहीं रुक रहा सराठी नदी से रेत चोरी का सिलसिला, अवैध उत्खनन चरम पर

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।


हरिभूमि
सुबह से लेकर रात तक कर रहे रेत की चोरी, नदी हो गई खोखली



सराठी से रेत का अवैध उत्खनन निरंतर जारी है खबर के प्रकाशन के बाद भी सराठी नदी से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन का खेल खुलेआम और बेरोक टोक चल रहा है फिर भी जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, क्या कारण है कि बालाघाट कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद भी खनिज विभाग अवैध उत्खनन पर कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है देखने में आ रहा है कि अमोली से लेकर आमाटोला ददिया, खारी तक नदियों से रेत माफियाओं द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से रेत की चोरी की जा रही है और खुलेआम ट्रैक्टरों से भारी पैमाने पर परिवहन हो रहा है लेकिन जिम्मेदार है की धृतराष्ट्र बने हुए हैं। रेत माफिया नदियों को छलनी करने में लगे हुए हैं बावजूद इसके पटवारी तहसीलदार और खनिज विभाग शासन को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदारों के संरक्षण में रेत का कारोबार फल के साथ फूल रहा है?

**सुबह से लेकर रात तक रेत माफिया सक्रिय:** कर रहे रेत की चोरी पनबिहरी,मानपुर अमोली आमाटोला,ददिया,खारी से गुजरने वाली सरा ठी नदी खोखली होने लगी है नदी में जिधर देखो उधर बड़े-बड़े गड्ढे ही दिखाई दे रहे हैं, रेत चोर सुबह से लेकर रात तक सक्रिय रहते हैं ना तो इन्हें कार्रवाई का डर है और ना ही इन्हें कानून का का ख़ौफ़. इसलिए तो इनके हौसले बुलंद है और खुलेआम रेत की चोरी कर रहे हैं,सोमवार को लगभग दोपहर 3:00 बजे मीडिया कवरेज के दौरान एक ट्रैक्टर ड्राइवर सहित अमोली बड़ी नहर के पास नदी पर खड़ा था जिसका नंबर एमपी 50 जे. सी. 4 016 था और मजदूर लोग नदी से ट्रैक्टर में खुलेआम रेत भर रहे थे।

# अवैधानिक रूप से क्लीनिक संचालित करने वाले सिबाजीत सरकार पर होगी कार्यवाही

**सीएमएचओ द्वारा गठित दल ने की जांच, पायी अनियमितता पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखा पत्र**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कटंगी के वार्ड-3 पाथरवाड़ा चौक में सिबाजीत सरकार के दवाखाने की सीएमएचओ डॉ. परेश उप्लव द्वारा गठित दल द्वारा 21 अप्रैल को जांच की गई। जांच के दौरान कई तरह की अनियमितता सामने आई है। अनिमितता पर विभाग ने कटंगी थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र लिखा है। सीएमएचओ डॉ. उप्लव ने जानकारी देते हुए बताया कि गैर मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्रों के आधार पर चिकित्सकीय क्लीनिक संचालित कर एलोपैथिक चिकिस्ता पद्धति से चिकित्सा व्यवसाय करना पाया गया। सिबाजीत सरकार ने क्लीनिक में बंगाल की हायर सेकेंडरी एडुकेशन से पोलिटिकल सांइस, फिलासफी, एडुकेशन व इंग्लिश विषयो के साथ 1992-93 में हायर में परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ अन्य योग्यता वाली डिग्री रखी गई। इसके बाद 1999 जनवरी में जेईएच मेडिकल कॉलेज भोपाल से बीईएमएस उपाधि प्राप्त की। इनकी डिग्री (बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी) योग्यता अधिनियम-1973 के अध्याय 1 धारा-2 खंड (छ) के अनुसार मान्यता प्राप्त चिकित्सा योग्यता नही है। सिबाजीत सरकार द्वारा 10 मार्च 1999 में ही काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सिस्टम ऑफ मेडिसिन भोपाल से पंजीयन कराया गया।

## पंचों ने सरपंच के खिलाफ सौंपा अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन

# निर्माण कार्यों में अनियमितता और वित्तीय हेरफेर का लगाया आरोप

**ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी का मामला**

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी के सरपंच के खिलाफ पंचायत के 9 पंचों ने अविश्वास व्यक्त किया है। सोमवार को उन्होंने एसडीएम कमलचंद सिंहसार को शपथ पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की। पंचों ने बताया बताया गांव की महिला सरपंच चित्ररेखा बापुरे की विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं है। सरपंच के द्वारा ग्राम पंचायत सुनार ककोडी में पंचगण के बिना प्रस्ताव पर हस्ताक्षर से ग्राम पंचायत में अनिमित्ता पूर्वक कार्य किया जा रहा है तथा सरपंच के द्वारा फर्जी बिल लगाकर भुगतान आहरण किया जा रहा है इस प्रकार सरपंच के द्वारा वित्तीय अनियमित्ता की जा रही है, इसलिए ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी के निर्वाचित पंचगण 3/4 के बहुमत से सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे हैं। तहसील कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी के पंचों ने बताया की सरपंच श्रीमती चित्ररेखा बापुरे द्वारा पद पर निर्वाचित दिनांक से 2.5 वर्ष से अधिक की अवधी पूर्ण हो चुकी है तथा आगामी पंचवर्षीय हेतू सरपंच पद के निर्वाचन का 6 माह से अधिक का समय शेष है इसलिए सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही किया जाना विधि संगत है। अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी के पंचों ओछिला आसटकर, रंजना कारमेघे, अनुसूईया कारमेघे, शीला सोनवाने, सरिता येरपुड़े, माया कारमेघे, धानुराम बड़घैया, सुभद्रा कर्राहे, प्रेमलाल बड़घैया शामिल रहे।

**इनका कहना है**

ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी के 9 पंचो द्वारा आज ग्राम की सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया गया है। अपने आवेदन में पंचों द्वारा सरपंच के खिलाफ वित्तीय अनियमित्ता और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस संबंध में हमारे द्वारा पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर एक ग्राम पंचायत में सभा होगी उसके आधार पर फैसला होगा।

**कमलचंद सिंहसार, एसडीएम, लांजी**

# किया गया भूमि पूजन बनेगा ब्रह्माकुमारीज का स्थाई केंद्र

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



मां किरनाई की पावन नगरी किरनापुर में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्य 26 अप्रैल को ब्रह्मा बालाघाट क्षेत्र की प्रभारी राजयोगिनी ब्र. कु. माधुरी बहन जी,जिले की समस्त तहसील के सेवा केंद्रों की सभी दीदियों,ईश्वरीय परिवार के सदस्यों ,तारा बाई बहेकार जी, डॉ भंडारकर जी,बाबा भाई बहेकार,नन्हे भाई बहेकार,पूर्व सरपंच बेनी प्रसाद अग्रवाल जी,दीपा अग्रवाल जी,एन आर गर्दे जी, हिर्री सरपंच विनीता पाराशर जी,भागचंद मंडलवार जी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जहां पर सभी क्षेत्रवासियों को आत्मिक शांति,प्रभु प्रेमानुभूति,खुशहाल गृहस्थ जीवन की प्रेरणा हेतु स्थाई भवन निर्माण होगा।

ब्र. कु.माधुरी बहन जी ने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि इस भूमि पर बनने वाले भवन से संस्थान की सेवाएं आगामी समय में अनवरत चलती रहेगी। जिससे क्षेत्र के सभी निवासी मानसिक शांति हेतु निःशुल्क लाभ लेते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपीटॉस पोर्टल पुनः प्रारम्भ, 31 मई तक किया सकता है आवेदन

**बालाघाट।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 अध्ययनरत नवीन, नवीनीकरण प्रकरण के विद्यार्थियों के लिए एमपीटॉस पोर्टल पुनः 31 मई तक प्रारंभ कर दिया गया है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने जानकारी दी है कि जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाएँ अपने महाविद्यालय में अध्ययरत पात्र पिछड़ा वर्ग के नवीन, नवीनीकरण विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन अनिवार्य रूप से https://www.tribal.mp.gov.in/mptass पर अंतिम तिथि के पूर्व भरवाना सुनिश्चित करे । अन्यथा वे पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना से वंचित रह जाएंगे।

### 5 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**वारासिवनी।** पुलिस विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षक बालाघाट के मार्गदर्शन में स्थायी वारंटियों की धड़ पकड़ का अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में खैरलॉजी थाना प्रभारी राम सिंह पटेल के निर्देशन में टीम गठित कर आरक्षक 1244 शिवजीत सिंह भदौरिया के मजबूत सूचना तंत्र से अपराध क्रमांक 319/17 में स्थायी वारंटी सैयदलाल पिता झाकुलाल पटले निवासी नागपुर और 5 साल से फरार स्थायी वारंट पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

## डोंगरिया मदरसे के स्टाफ ने दी पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजली

# इस्लाम का आतंकवाद एवं आतंकवादियों से कोई संबंध नहीं: मौलाना इरशाद

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



इस्लाम धर्म अमन, चैन और भाई चारे का संदेश देता हैं, इस्लाम धर्म के अनुसार कोई व्यक्ति यदि किसी निर्दोष व्यक्ति की नाहक हत्या करता हैं, तो वह व्यक्ति जैसा उसने सारे इंसानों की हत्या कर दी है। इस्लाम का आतंकवाद एवं आतंकवादियों से कोई संबंध नहीं है।

इस आशय के उद्गार मौलाना आजाद एजुकेशन सोसायटी द्वारा ग्राम डोंगरिया में संचालित मदरसे के नाजिम/ प्रबंधक मौलाना इरशाद ने व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा कायरना हमला कर 26 बेकसूर लोगों की निर्मम हत्या की गई हैं। वह काबिले बर्दाश्त नहीं हैं। हम इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। भारत सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे,जिसका हम और हमारा सामज उसका पूरा समर्थन करेगा। हम मॉग करते हैं कि आतंकवादियों को ऐसी सख्त सजा दी जाये कि उससे उनके जैसे अन्य दहशतगर्द लोग सबक हासिल करे और भविष्य में कोई ऐसी घटना को अंजाम देने की वह हिम्मत ना कर सके।

इस मामले में मदरसे के समस्त स्टाफ ने आतंकवादियों के हमले में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजली देते हुए उनके परिवर के लोगों के प्रतिसहानुभूति व्यक्त की हैं।

## 751 कर्मचारी हड़ताल पर, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

# एनएचएम कर्मचारियों ने एमडी के आदेश की जलाई होली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मी 22 अप्रैल से हड़ताल पर हैं। बालाघाट जिले में 751 कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो गई हैं। कर्मचारियों ने सोमवार को एनएचएम के एमडी द्वारा जारी नोटिस को जला दिया। एमडी ने कर्मचारियों को तीन दिन में काम पर लौटने का निर्देश दिया था। ऐसा न करने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी दी थी।

संविदा स्वास्थ्य कर्मी नई एचआर पॉलिसी के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। इस पॉलिसी में कर्मचारियों की अर्जित छुट्टी, आकस्मिक छुट्टी और मेडिकल सुविधाएं समाप्त कर दी गई हैं। प्रशासन ने सेवा समाप्ति के लिए अप्रेजल सिस्टम लागू किया है। अनुकंपा नियुक्ति को भी सशर्त कर दिया गया है।

जिलाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि हड़ताल के कारण टीकाकरण कार्यक्रम रुक गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता भी प्रभावित हुई है। सभी सॉफ्टवेयर का काम बंद है।

कर्मचारियों की मांग है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में लागू की गई संविदा नीति-2023 को जारी रखा जाए। यह नीति संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं प्रदान करती थी। कर्मचारी नई एचआर पॉलिसी को वापस लेने की मांग पर अड़े हैं।

# महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया दिल्ली में एकेडएलीट अवार्ड से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में बालाघाट मध्य प्रदेश में नए नए आयाम स्थापित कर रहा है जिस कारण शहर शिक्षाविदों का एक बड़ा हब बनाता जा रहा है। इसी ओर एक कदम और बढ़ाते हुए महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए नई दिल्ली के होटल हॉलिडे इन में 26 अप्रैल शनिवार को बीजेपी लीडर प्रेम शुक्ला, चेयरमैन महर्षि शिक्षा संस्थान ब्रह्मचारी गिरीश की मौजूदगी में समारोह पूर्वक ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम (जीएसएलसी) द्वारा एडुबीकॉन ऑफ द ईयर 2024-25 चुने जाने पर जीएसएलसी एकेडएलीट अवाड्र्स 2025 से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय अवार्ड उन व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाते हैं जिन्होंने शैक्षणिक परिदृश्य को बदल दिया एवं शिक्षा जगत में असाधारण नेतृत्व, जुनून और उद्देश्य का प्रदर्शन किया तो वही दूसरों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया तथा अपने दूरदर्शी नेतृत्व से शिक्षा के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया।




शिक्षा के क्षेत्र में मिला सम्मान

### इसलिए किया गया सम्मानित

श्री सतीश कुमार चौरसिया ने प्राचार्य के रूप में 25 से अधिक वर्षों तक प्रभावशाली नेतृत्व किया हैं, जिससे उन्होंने संस्थान को शैक्षणिक उपलब्धि, सांस्कृतिक जीवंतता और मजबूत नैतिक आधार का प्रतीक बना दिया है। उनके मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (नीट/जेईई), खेलों और मूल्य-आधारित शिक्षा में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। आजीवन सीखने और व्यक्तिगत अनुशासन के स्कूल के द्वार से परे वो समाज सेवा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है, उनके परोपकारी प्रयासों ने जागरूकता, करुणा और सक्रिय नागरिकता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है।महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के सभी शिक्षक शिक्षकों के द्वारा उन्हें यह सम्मान मिलने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी है तथा उन्होंने बताया कि हमारा महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट यह सम्मान मिलने से सभी लोग गौरवान्वित हुआ है ।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में शालाओं के माध्यम से संचालित होगी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की गतिविधियां

**बालाघाट।** प्रदेश को एनीमिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से एनीमिया मुक्त भारत, सघन नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया की रोकथाम के लिए प्रदेश के 92476 शासकीय एवं 3715 आदिवासी बाहुल्य विकासखंडों की शालाओं के माध्यम से आईएफए अनुपूरण सुनिश्चित किया जाना है। जिसमे 5 से 10 वर्ष के बच्चों को गुलाबी तथा 10 से 19 वर्ष के किशोरवयको को नीली गोली सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को प्रदाय की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त शिल्पा गुप्ता द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 5 तथा कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को गुलाबी एवं नीली गोली का साप्ताहिक अनुपूरण करने के लिए समस्त स्वास्थ्य कर्ताओं एवं नोडल अधिकारियों को ग्रीष्मकाल में पड़ने वाले अनुमानित 6 सप्ताहों में अनुपूरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही एनीमिया की व्यापकता को दृष्टिगत रखते हुये ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ग्राम प्रथान/सरपंच अन्य स्थानीय धर्म गुरुओं, स्व सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा पोषण सत्रों का आयोजन कर समुदाय के साथ सतत संवाद स्थापित किया जाएगा। साथ ही गृह भ्रमण के दौरान हितग्राहियों द्वारा आईएफए अनुपूरमण की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लांजी नगर के जोड़ा तालाब में चलाया गया सफाई अभियान



**लांजी ।** म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार जल गंगा संवध्रन अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोंतों - नदी,तालाब, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों को अविरल बनाये रखने हेतु इन संरचनाओं के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के उद्देश्य से शासन द्वारा दिनांक 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण/संरक्षण हेतु विक्रमोत्सव 2025 जल गंगा संवर्धन अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

संतोष बिसेन पिता देवनलाल बिसेन वार्ड न.1 शास्त्री वार्ड, सम्राट नगर वारासिवनी जिला बालाघाट का निवासी हू मेरी मार्कशीट मे मेरा नाम संतोष कुमार बिसेन दर्ज है जो कि गलत है। जबकि सभी दस्तावेज में मेरा सही नाम संतोष बिसेन है । यह कि आज दिनांक से मुझे मेरे पूर्ण एवं सही नाम से जाना पहचाना जाये एवं सभी दस्तावेज में पूरा नाम SANTOSH BISEN लिखा व पढ़ा जावे ।

New Name
SANTOSH BISEN
Old Name
SANTOSH KUMAR BISEN